राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

राज्यपाल श्री मिश्र से मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने की मुलाकात

जयपुर, 11 जनवरी। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से मुख्यमंत्री श्री शर्मा की यह शिष्टाचार भेंट थी।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल से परामर्श किया। राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने प्रदेश में उच्च शिक्षा के तेजी से विकास, रिक्त पदों को भरे जाने तथा जनजातीय क्षेत्रों में आदिवासी कल्याण से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की।

———